विद्या समीक्षा केंद्र का उद्घाटन, 141 पीएम श्री स्कूलों और नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय की आधारशिला रखी गई

चर्चा में क्यों?

- 12 सितंबर, 2023 को केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ, विद्या समीक्षा केंद्र का उद्घाटन किया और देहरादून में 141 पीएम श्री स्कूलों और नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय की आधारशिला रखी।

प्रमुख बिंदु

- केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री ने कहा कि प्रौद्योगिकी आधारित और आधुनिक डेटा संचालित मॉडल विद्या समीक्षा केंद्र उत्तराखंड के 23.50 लाख स्कूली छात्रों के अध्ययन परिणामों को बेहतर बनाने की दिशा में एक प्रभावी कदम होगा।
- विदित है कि गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने राज्य में विद्या समीक्षा केंद्र की शुरुआत की थी। एनईपी-2020 की शुरुआत के बाद इसका विस्तार पूरे देश में कर दिया गया है।
- उत्तराखंड में केंद्र के उद्घाटन के साथ ही, राज्य ने गुजरात शिक्षा मॉडल की तर्ज पर विद्या समीक्षा केंद्र शुरू किया है।
- प्रदर्शन, उपस्थिति आदि पर डेटा के अलावा दीक्षा पोर्टल की सामग्री और ज़िला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डीआईईटी) का डेटा, राज्य की स्कूली शिक्षा पर पूरी जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध होगी।
- ज्ञातव्य है कि 21वीं सदी की ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था के निर्माण के लिये एनईपी-2020 एक तार्किक दस्तावेज़ है।
- राज्य में 141 पीएम श्री स्कूल उत्कृष्टता हासिल करने के लिये मौजूदा स्कूलों के लिये एक मॉडल के रूप में काम करते हैं। नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय उपेक्षित बच्चों की पढ़ाई पूरी कराएगा।
  उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने एनईपी-2020 को एक वैश्विक मॉडल के रूप में पेश किया है और सदस्य देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों द्वारा इसकी सराहना की गई है। इससे न केवल 30 करोड़ भारतीय छात्रों को लाभ होगा बल्कि पूरी दुनिया के छात्रों के लिये एक मानक स्थापित होगा।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/vidya-samiksha-kendra-inaugurated,-foundation-stone-of-fone-four-one-pm-shri-school-and-netaji-subhash-chandra-bose-residential-school-laid